Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:27 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:07 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 161 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 17 दिसंबर 2025



बॉर्डर 2 के सेट पर डरे हुए थे ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### बाइक सवार ने स्कूटी सवार महिलाओं को टक्कर मारी, घायल

हल्द्वानी। अनियंत्रित बाइक सवार ने स्कूटी सवार महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों महिलाएं गंभीर घायल हो गईं। घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से उन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बागजाला निवासी नीमा पत्नी रुद्र अपनी बहु सपना के साथ स्कूटी से कहीं जा रही थी तभी एक अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में अब तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### क्रेटा कार में देखते ही देखते लगी आग,धू-धू कर जल गई, हड़कंप

रुद्रपुर। कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे स्थित राज्य मंडी निदेशालय की पार्किंग में खड़ी एक क्रेटा कार अचानक आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी गिरफ्त में ले लिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने अग्निशमन सिलेंडरों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, तब तक कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मंडी परिषद में आयोजित बोर्ड बैठक के बाद तंदूर कारीगर द्वारा जलते कोयले और राख को लापरवाही से पार्किंग में डाल दिया गया था। शाम को एक ठेकेदार ने अनजाने में उसी स्थान पर अपनी कार खड़ी कर दी, जिससे वाहन में आग लग गई। अधिकारियों ने कैटरिंग ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही पर कार्रवाई की बात कही है। इस घटना की वीडियो वायरल हो रही है। वीडियो दो तीन पुरानी बताई जा रही है।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनाः सीएम ने 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे 33.22 करोड़ रुपये

देहरादून
हमारे संवाददाता

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33.22 करोड़ रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33.22 करोड़ रुपये की धनराशि का ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। यह सरकार की पारदर्शिता, टेक्नोलॉजी-आधारित और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली का प्रमाण है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर जिले में स्थानीय उद्यम, हर गांव में रोजगार और हर युवा के हाथ में काम हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए डबल इंजन सरकार उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

इथियोपियाई संसद में बोले पीएम मोदी

## भारत-इथियोपिया के रिश्ते अब कूटनीतिक साझेदारी के स्तर पर

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इथियोपिया दौरे के दूसरे दिन उन्होंने अदीस अबाबा के अदवा विजय स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और फिर इथियोरिया की संयुक्त संसद को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इथियोपिया की प्राचीन सभ्यता और आधुनिक मजबूती की तारीफ की। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री अबी अहमद द्वारा दिए गए निशान-ए-इथियोपिया सम्मान के लिए आभार जताया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इथियोपिया दौरे का आज दूसरा दिन है। जहां उन्होंने पहले इथियोपिया के अदीस अबाबा में स्थित अदवा विजय स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद इथियोपिया की संयुक्त संसद के सत्र को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत और इथियोपिया के खास संबंद और मजबूत दोस्ती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कल मुझे इथियोपिया की तरफ से जो सम्मान मिला- निशान-ए-इथियोपिया उसके लिए मैं प्रधानमंत्री अबी अहमद का आभारी हूं। हम इथियोपिया सरकार और प्रधानमंत्री को शुक्रिया कहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इथियोपिया दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से है। यहां इतिहास पहाड़ियों, गांवों और लोगों के दिलों में भी दिखता है। आज इथियोपिया अपने पैरों पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि पुराने और नए का संगम यह संतुलन इथियोपिया की असम मजबूती है। यह ऊर्जा हम भारतीयों के लिए काफी परिचित है। इस दौरान उन्होंने भारत और इथियोपिया के मजबूत होते कूटनीतिक रिश्तों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की कंपनियों ने इथियोपिया में काफी व्यापार की संभावनाएं देखी हैं। यहां भारतीय कंपनियों ने 5 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश किया है और यहां कई लोगों को नौकरियां मुहैया कराई हैं। लेकिन मुझे विश्वास है कि हमारे व्यापारिक रिश्तों में अभी काफी संभावनाएं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमने फैसला किया है कि हमारे द्विपक्षीय रिश्ते अब कूटनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाई जाएगी। इससे हमारी अर्थव्यवस्थाएं साझा तौर पर बढ़ेंगी। खनन, हरित ऊर्जा से लेकर कई और क्षेत्रों में हम साथ काम करेंगे।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, 3 की जिंदा जलकर मौत, 1 घायल

अलवर
एजेंसी

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार देर रात एक पिकअप में आग लग गई। हादसे में तीन लोग बुरी तरह जल गए और मौके पर ही मौत हो गई। एक गंभीर रूप से झुलसा हुआ व्यक्ति को जयपुर रेफर किया गया। हादसा रैणी थाना क्षेत्र में रात करीब 1 बजे हुआ। एएसआई मोहम्मद आमीन ने बताया कि अनुमान है कि पिकअप को ड्राइवर साइड की तरफ किसी वाहन ने टक्कर मारी। टक्कर लगते ही पिकअप में आग फैल गई। आग के तेज होने के कारण पिकअप में सवार लोगों के बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। तीनों लोगों के शव सीट पर चिपके हुए मिले। पिकअप में जिंदा जले दो लोग मध्यप्रदेश और एक हरियाणा का रहने वाला था। एएसआई ने बताया कि पिकअप में मिले तीनों शवों की पहचान मोहित (बहादुरगढ़, हरियाणा), दीपेंद्र (सागर, मध्यप्रदेश) और पदम (सागर, मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। हादसे में घायल ड्राइवर हन्नी (झज्जर, हरियाणा) हैं। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि पिकअप को पीछे से टक्कर मारी गई। सही कारण की जानकारी जांच के बाद ही सामने आएगी। पिकअप में लगी आग के विकराल रूप को देखकर एक्सप्रेस-वे पर वाहन चालकों में दहशत फैल गई। आग के बाद गाड़ियों का काफिला पूरी तरह से रुक गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब तक रेस्क्यू शुरू हुआ, पिकअप पूरी तरह जल चुकी थी। हादसे के बाद मौके पर वाहन चालकों और आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लेकिन एक्सप्रेस-वे पर आग बुझाने के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग बेबस नजर आए।





## ठेले में टक्कर मारने का विरोध करने पर युवक नेबुजुर्गों पर हमलपा किया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बाइक सवार ने ठेले में टक्कर मारने का विरोध करने पर गुस्साए युवक ने बुजुर्गों पर चापड़ से हमला कर दिया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दूसरे पक्ष ने दोनों बुजुर्गों के ऊपर प्रहार कर दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर उनकी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक मुखानी निवासी बुजुर्ग बृजलाल व नेम चंद मुखानी नहर कवरिंग रोड पर ठेला लगाते हैं। आरोप है कि रात को हीरानगर के ही मांस विक्रेता अंकित पाल ने बाइक से उनके ठेले पर टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ठेला का सारा सामान नीचे गिर गया यह देख बृजलाल व नेम चंद्र इसका बिरोध करने लगे। यह देख बाइक सवार अंकित गुस्से से आग बबूला हो गया। अंकित ने दुकान से धार धार हथियार उठाकर दोनों के ऊपर प्रहार कर दिया। जिससे दोनों बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों का बेस चिकित्सालय में उपचार कराया। पुलिस को देख आरोपी अंकित वहां से फरार हो गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि देर रात दो पक्षों में विवाद हुआ था। हमला करने के आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## खड़े ट्रक से टकराई हरिद्वार से आ रही तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौत

हरिद्वार
हमारे संवाददाता

ऋषिकेश क्षेत्र में मनसा देवी मंदिर के रेलवे फाटक के पास देर रात भीषण दुर्घटना हो गई। बेहद तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकराकर उसके नीचे घुस गई। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। क्षत-विक्षत शव बाहर निकालने के लिए पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मांस के लोथड़े सड़क पर इधर-उधर बिखर गए। वाहन काटकर शव निकाले जा सके।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात 10:30 बजे के करीब एक बेहद तेज रफ्तार कार हरिद्वार से ऋषिकेश की ओर आ रही थी। एक के बाद एक उसने कई कारों को ओवरटेक किया।



इसके बाद एक ट्रक से टकराकर उसके नीचे जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि सड़क पर आए किसी जानवर को बचाने के चक्कर में चालक ने कार को बाईं ओर मोड़ा और नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर कार स्वामी की जानकारी निकाली। कोतवाल केसी भट्ट ने बताया कि कार स्वामी की पहचान सोनू कुमार निवासी चंद्रेश्वर मार्ग ऋषिकेश के रूप में हुई हैं। इन्हें फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। पुलिस मौके पर पहुंची वहां जांच की। वाहन को क्रेन से काटकर ट्रक से अलग किया गया। शुरुआती जांच में दो मृतकों की पहचान हुई है।

**हादसा**

- ट्रक से टकराते ही उड़े कार के परखच्चे, वाहन काटकर निकाले क्षत-विक्षत शव
- किसी जानवर को बचाने के चक्कर में चालक ने कार को बाईं ओर मोड़ा

इनमें से एक धीरज जायसवाल (30) पुत्र दीनबंधु जायसवाल निवासी चंद्रेश्वर नगर दुर्गा मंदिर रोड ऋषिकेश और दूसरा हरिओम (22) पुत्र अरविंद कुमार निवासी हनुमान मंदिर गुमानीवाला ऋषिकेश है। वहीं, देर रात तक अन्य दो मृतकों की पहचान की कोशिश जारी थी।

# पुलिस को मिली सफलता, चोरी की घटनाओं का खुलासा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। रामनगर में घर और रिसॉर्ट में हुई चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा किया गया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जिसने एक किशोर के साथ मिलकर वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये के सोने के जेवरात और 12 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई है। मामले का खुलासा एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने मंगलवार को कोतवाली रामनगर में किया।

एसएसपी ने बताया कि 15 दिसंबर को सुमन पत्नी नरेंद्र, निवासी लखनपुर, रामनगर ने कोतवाली में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि 8 दिसंबर को वह दिल्ली गई थीं और 11 दिसंबर को वापस लौटने पर घर के अंदर से दो सोने के कड़े, दो चूड़ियां और दो सोने के बिस्कुट चोरी पाए गए। मामले में थाना रामनगर में एफआईआर संख्या 414/25 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सुरागरसी के आधार पर 16 दिसंबर को चोरपानी क्षेत्र में रेलवे भूमि के खाली मैदान से नवदीप शर्मा पुत्र अनुज शर्मा, निवासी आरके पुरम पीरूमदारा, रामनगर को गिरफ्तार किया। उसके साथ एक विधि विवादित किशोर को भी संरक्षण में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से बरामद जेवरातों की शिनाख्त पीड़िता द्वारा की गई। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई गई है। दूसरा मामला टियारा रिसॉर्ट रामनगर का है, जहां 3 नवंबर 2025 को विवाह समारोह के दौरान एक बैग से सोने के जेवरात, नकदी और मोबाइल फोन चोरी हो गया था। इस संबंध में विकास अग्रवाल निवासी संभल, उत्तर प्रदेश की तहरीर पर कोतवाली रामनगर में मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी नैनीताल ने विशेष टीम गठित की। जांच के दौरान पुलिस को मध्य प्रदेश के कुख्यात सांसी गैंग की संलिप्तता के साक्ष्य मिले। पुलिस टीम ने मध्य प्रदेश में दबिश दी, जहां आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। हालांकि मौके से चोरी का बैग बरामद कर लिया गया, जिसमें 12 लाख रुपये नकद, सोने की अंगूठी और कान की बालियां शामिल थीं। पुलिस के अनुसार सांसी गैंग के सदस्य बड़े होटल और रिसॉर्ट में विवाह समारोह के दौरान मेहमान बनकर शामिल होते हैं और मौका मिलते ही नकदी और बहुमूल्य आभूषण चोरी कर फरार हो जाते हैं। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा।



# विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने सौपा डीएम को ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल के नेतृत्व में मंगलवार को आशा वर्कर्स का शिष्टमंडल डीएम ललिल मोहन रयाल से मिला। इस दौरान उन्होंने डीएम के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को आशा वर्कर्स की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए उनके जल्द समाधान की मांग की।

ज्ञापन में पल्स पोलियो अभियान में आशाओं को प्रतिदिन दिए जाने वाले भत्ते को कम करने के विरोध, आशाओं को मासिक मानदेय नियत करने,आशाओं को न्यूनतम वेतन तथा कर्मचारी का दर्जा व सेवानिवृत होने पर सभी आशाओं को अनिवार्य पेंशन का प्रस्ताव विधानसभा के इसी सत्र में पारित कर केंद्र सरकार को भेजने तथा जब तक सेवानिवृत होने वाली आशाओं को मासिक पेंशन का प्रावधान नहीं किया जाता तब तक रिटायरमेंट के समय दस लाख की एकमुश्त धनराशि देने तथा आशाओं को ट्रेनिंग के दौरान प्रति दिन पांच सौ रुपए का भुगतान किया जाना आदि मांगें शमिल थी।

# बच्ची सिंह व नीमा मानव अधिकार रक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विश्व युवा केंद्र में मानव अधिकार कार्यकर्ता बची सिंह बिष्ट और कु नीमा को मानव अधिकार रक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बता दें बची सिंह बिष्ट को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा तथा एकशन एड इंडिया के कार्यकारी निदेशक द्वारा सामूहिक रूप से प्रदान किया गया। एक भव्य समारोह में देश भर के कुल 24 मानव अधिकार रक्षकों को भी सममानित किया गया इस अवसर पर उत्तराखंड से मानवाधिकार रक्षा अभियान के यतीश पंत, प्रमुख महिला कार्यकर्ता हीरा जंगपांगी रौतेला, राधा चंद, आफताब चौहान तथा सद्दाम भाई, नीतू तथा दीपाली सहित देश भर के 24 राज्यों से 2500 से अधिक मानव अधिकार रक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा, एकशन एड इंडिया के खालिद चौधरी, मानविका, दीपाली तथा जोसेफ सहित देश भर के कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपने संबोधन में बची सिंह बिष्ट ने कहा कि हम समताए न्याय और मानवाधिकार पर आधारित समाज की रचना के लिए संघर्षरत लोग हैं। यह राष्ट्रीय पुरस्कार हमारे तमाम साथियोंए जनमैत्री संगठन के साथियों और विश्व भर के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का सम्मान है जो भावी पीढ़ितों के लिए बेहतर भविष्य रचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महिला कार्यकर्ता हीरा जंगपांगी रौतेला ने इस सममान को उत्तराखंड के लिए एक गौरवशाली अवसर बताया।



## NEWS / फटाफट

### शौचालय की छत पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर पालिका सभासद गुस्से में

**नैनीताल।** नगर के राज्य अतिथि गृह के समीप चीना बाबा मंदिर के नीचे स्थित शत्रु संपति में बने शौचालय की छत पर हो रहे निर्माण को लेकर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को पत्र सौंपा। सभासदों ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित निर्माण कार्य की जांच कर उसे ध्वस्त करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से सभासदों ने कहा कि शत्रु संपति में चल रहे निर्माण को लेकर सोशल मीडिया और शहरवासियों के बीच व्यापक चर्चा है जिससे नगरपालिका बोर्ड की छवि धूमिल हो रही है जबकि यह निर्माण न तो बोर्ड से अनुमोदित है और न ही बोर्ड का इससे कोई संबंध है।सभासदों ने आग्रह किया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नियम विरुद्ध निर्माण को तत्काल हटाया जाएए ताकि भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके। ज्ञापन देने वालों में सभासद पूरन सिंह बिष्ट, राकेश पवार, शीतल कटियार, मनोज साह जगाती, लता दफ ौटी, गजाला कमाल, काजल आर्य, सुरेंद्र कुमार, सपना बिष्ट तथा गीता उप्रेती सहित अन्य सभासद उपस्थित रहे।

### सामाजिक कार्यकर्ती और उनकी मां पर तीन महिलाओं ने किया जानलेवा हमला करने का प्रयास

**नैनीताल ।** नगर की तल्लीताल निवासी सामाजिक कार्यकर्ती ने क्षेत्र की तीन महिलाओं पर उन पर व उनकी मां पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। सामाजिक कार्यकर्ती की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। तल्लीताल निवासी सामाजिक कार्यकर्ती काजल चौधरी ने शिकायत करते हुए कहा है कि बीती देर शाम तल्लीताल की तीन महिलाओं ने उन पर व उनकी मां पर उनके भवन में उनके साथ गाली गलौच व जानलेवा हमला किया। बताया कि पूर्व में किसी मामले के तहत तीनों महिलाएं पीड़िता बनकर उनके पास कानूनी सहायता लेने उनके घर आई थी। जांच में पता चला कि वह किसी व्यक्ति पर गलत आरोप लगाते हुए उनसे पैसे ठगने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन काजल ने व्यकि का बचाव किया था। इसी मामले को लंबे समय से टारगेट बनाकर तीनों महिलाएं उनके खिलाफ साजिश कर रही हैं। उन्होंने पुलिस से उक्त महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने की एएसआई अंजुला जॉन ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर पूछताछ की जा रही है।

### सामाजिक कार्यकर्ता पोखरिया के शिकायती पत्र को हाईकोर्ट ने किया जनहित याचिका के रुप में दर्ज

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया के एक और शिकायती पत्र का संज्ञान लेकर उसे जनहित याचिका के रूप में दर्ज किया है । हाईकोर्ट ने इस याचिका की सुनवाई 22 दिसंबर (सोमवार) को नियत करते हुए भुवन पोखरिया से शिकायतों से सम्बंधित साक्ष्य अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा है। उन्हें इस आशय का नोटिस रजिस्ट्रार जनरल की ओर से भेजा गया है। भुवन पोखरिया ने चोरगलिया के निकट लाखनमंडी में वर्षात के समय 7 अगस्त 2025 को अतिक्रमण हटाने के नाम पर वन विभाग व पुलिस द्वारा हरीश पोखरिया के घर को तोडनेएसामान फेंकने व उनकी पत्नी को अमानवीय तरीके से 100 मीटर तक घसीटने के सम्बंध में हाईकोर्ट के मुखय न्यायधीश को शिकायती पत्र भेजा था । जिसमे उन्होंने इस घटना को संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया । कहा कि लाखनमंडी में लोग 6-7 दशक से रह रहे हैं । जिनके पास सभी तरह के दस्तावेज हैं । मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने इस शिकायती पत्र का संज्ञान लिया है ।

### अदालत ने स्मैक के साथ पकड़े गए युवक को किया दोषमुकत

**नैनीताल ।** अपर मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन की कोर्ट ने 3 ग्राम स्मैक के साथ पकड़े गए सूखाताल निवासी युवक को दोषमुक्त करार दिया है। आरोपी युवक हेमंत त्रिपाठी निवासी सूखाताल चौराहा को मल्लीताल पुलिस ने कुमाऊँ विश्व विद्यालय के समीप से 22 जुलाई 2021 को 3 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा था । लेकिन इस मामले में पुलिस साक्ष्यों व बयानों को विश्वसनीय न मानते हुए कोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त करार दिया ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आग की घटना के बाद दमकल और जल संस्थान की टीम ने फायर हाइड्रेंटों का निरीक्षण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आग की घटना के बाद विभाग चौकन्ने हो गए हैं। दमकल व जल संस्थान की टीम शहर के फ ायर हाइड्रेंटों की जांच में जुट गई है।

बता दें कि बीते नौ दिसम्बर की रात को मल्लीताल चीना बाबा चौराहे पर सरस्वती शिशु मंदिर में आग लगने की घटना हुई थी। जिसमें होटल व आवास को भी नुकसान हुआ था। घटना को देखते हुए डीएम ललित मोहन रयाल ने एसडीएमए ईई जल संस्थान व एफएसओ तीन सदस्यों की जांच कमेटी बनाई थी। जो चार बिंदुओं पर जांच कर रही है। जिसमें नैनीताल नगर क्षेत्र में स्थापित फायर हाइड्रेट्स में से क्रियाशील, अक्रियाशील पाए गए हाइड्रेट्स का पृथक-पृथक विवरण मांगा है। प्रत्येक हाइड्रेंट तक दमकल वाहनों की वास्तविक पहुँच क्षमता का परीक्षण व प्रतिवेदन मांगा है।

मरममत तथा प्रतिस्थापन व अतिरिक्त फायर हाइड्रेंट स्थापना के लिए आवश्यक तकनीकी व प्रशासनिक अनुशंसाएं व हाईडेंट्स में पानी की सीधी सप्लाई की व्यावहारिक संभावनाओं पर विचार की रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी है। जिसको लेकर जल संस्थान व दमकल विभाग की ओर से फायर हाइड्रेंटों की जांच शुरू कर दी हैं। मामले में एफ एसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि निरीक्षण के बाद खराब हाइडेंटों को ठीक कराए जाने के लिए संबंधित विभाग को पुनः पत्राचार किया जाएगा ।

## शराब के दाम बढ़ने के सरकार के निर्णय पर लगाई रोक

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट ने प्रदेश में शराब के दाम बढ़ाने के सरकार के निर्णय पर रोक लगा दी है।इस मामले को उत्तराखंड की शराब बनाने वाली डिस्टलरी मैसर्स इंडियन ग्याइकोल्स लिमिटेड की ओर से चुनौती दी गयी। साथ ही इस प्रकरण पर सुनवाई न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार ने विगत 28 नवंबर को एक नोटिफिकेशन जारी कर प्रदेश में शराब के दामों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार एकसाइज एयर के मध्य में शराब के दामों में वृद्धि नहीं कर सकती है। नोटिफिकेशन के माध्यम से उत्तराखंड आबकारी नीति नियमावली में संशोधन नहीं किया जा सकता है। संशोधन के लिये नियमावली बनाने अथवा तैयार करने वाली प्रक्रिया अपनायी जानी चाहिए। दूसरी ओर से सरकार की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार को अधिकार है।

# हाईकोर्ट ने कार्बेट पार्क द्वारा 2022-23 के आदेश पर लगाई रोक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कार्बेट नेशनल पार्क में जिप्सी संचालन को लेकर नए पंजीकृत स्थानीय वाहन स्वामियों को पार्क द्वारा जारी लिस्ट में शामिल नहीं करने के मामले में दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने कार्बेट पार्क द्वारा 2022-23 के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें नए जिप्सी संचालकों को पंजीकरण प्रकिया में शामिल नही किए जाने का नियम लागू किया गया था।

कोर्ट ने कार्बेट पार्क में जिप्सी संचालन के लिए नए आवेदन कर्ताओं को शामिल करने के साथ ही पंजीकरण तिथि बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं। मंगलवार को मामले की सुनवाई वरिस्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार रामनगर के स्थानीय निवासी चक्षु करगेती तथा सावित्री अग्रवाल व अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि कॉर्बेट पार्क में जिप्सी के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भाग लेने के लिए जो गाइडलाइन बनाई गई है सभी परमिट होल्डर जिनके पास वैलिड परमिट है। और शर्तों को पूरा कर रहे हैं। चाहे वे पुराने परमिट धारक हो या फि र नए उन सब को लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार है लेकिन जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क द्वारा विशेष कैटिगरी की जिप्सी स्वामी को पंजीकृत किया जा रहा है और दो वर्ष पुराने पंजीकृत जिप्सीयों को प्रतिभाग नहीं करने दिया जा रहा है जबकि इन लोगों के पिछले वर्ष आरटीओ से परमिट प्राप्त किए हैं साथ ही कोर्ट के पूर्व आदेशों का उल्लंघन है। उनको इसमे प्रतिभाग न करने की वजह से जिप्सी संचालक बेरोजगार हो गए हैं। नए बेरोजगारों को रोजगार नही मिल पा रहा है। जबकि वे भी स्थानीय लोग है। उनको भी रोजगार दिया जाय।

इसके जवाब में सरकार की तरफ से कहा गया कि जिन को परमिट दिया गया मानकों के अनुरूप दिया गया है। जो मानक पूर्ण नही करते हैं उन्हें लिस्ट से बाहर किया गया है।

# अभिमत



## सुधार की जरूरत

*सरकार को कड़वा सच स्वीकार करना चाहिए कि भ्रष्टाचार का तरीका बदल गया है, खत्म नहीं हुआ है। देश के मीडिया पर दबाव बनाकर खबरें दबाई जा सकती हैं। किसी पार्टी विशेष की सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाना गलत होगा। देश की किसी भी समस्या के समाधान की जिम्मेदारी राजनीतिक क्षेत्र और प्रशासन तंत्र की है। केन्द्र और राज्यों में किसी भी पार्टी की सरकार हो, उसे पारदर्शिता से अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।*

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एकजुटता के साथ भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए मुहिम छेड़ी थी। दुनिया के 190 देशों ने प्रतिबद्धता जाहिर की थी। भ्रष्टाचार किसी एक देश की समस्या नहीं है। भ्रष्टाचार का कुप्रभाव सभी को भुगतना पड़ता है। मीडिया में भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने से रोकने पर भ्रष्टाचारियों को और अधिक बढ़ावा मिलता है। कुछ साल पहले भारत के अखबारों में घोटाले के समाचार सुर्खियां बनते थे। अब प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में घोटाले के समाचार कम ही नजर आते हैं। इसका आशय यह नहीं है कि भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार के मामले में भारत 93 पायदान पर है। इस मामले पर सरकारी स्तर पर कहा जाता है, तो जवाब मिलता है कि पश्चिमी देशों को भारत की तरक्की अच्छी नहीं लग रही है और बदनाम किया जा रहा है। इसका दूसरा पहलू यह है कि भ्रष्टाचार का सीधा असर निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। भ्रष्टाचार का जीता जागता सबूत यह है कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के दौरान हजारों करोड़ रुपये की नगदी, शराब और मतदाता को बांटने के लिए सामग्री पकड़ी जाती है। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए कोई भी पकड़े गये धन का दावेदार नहीं बनता है। चुनाव में सबसे अधिक कालाधन इस्तेमाल होता है। कालाधन भ्रष्टाचार की उपज है। आर्थिक रूप से उच्च और उच्चतम वर्ग अछूता रहता है। अरबपति उद्यमी का मामला सामने आया तो शेयर मार्केट धड़ाम हो गया। मध्यम श्रेणी के शेयर धारकों को नुकसान हुआ। अरबपति उद्यमी ने हथकंडों से अपने समूह की कंपनियों के शेयर की कीमत पुनः बढ़ा ली। चुनाव में इलेक्ट्रोरल बांड का मामला उछला। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोरल बांड को सही नहीं ठहराया। इस मामले में सभी राजनीतिक दल लिप्त थे। सरकार को कड़वा सच स्वीकार करना चाहिए कि भ्रष्टाचार का तरीका बदल गया है, खत्म नहीं हुआ है। देश के मीडिया पर दबाव बनाकर खबरें दबाई जा सकती हैं। किसी पार्टी विशेष की सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाना गलत होगा। देश की किसी भी समस्या के समाधान की जिम्मेदारी राजनीतिक क्षेत्र और प्रशासन तंत्र की है। केन्द्र और राज्यों में किसी भी पार्टी की सरकार हो, उसे पारदर्शिता से अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। सरकारी विभागों में भर्ती की परीक्षाओं में नकल माफिया के अनेक मामले हो चुके हैं। डाक्टर बनने के लिए छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा के पेपर लाखों रुपये में बिके हैं। सभी मामलों में जांच का आदेश देकर इतिश्री कर ली जाती है, लेकिन भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए सुधार की जरूरत है।

# अतिक्रमण से हटाए लोगों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल के नेतृत्व में एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राजयपाल को भेजा, ज्ञापन में मांग की गई हैं कि पूछड़ी रामनगर में मूलनिवासी समाज के लोगों को मानवाधिकार को दरकिनार करते हुए दिसम्बर के सर्द मौसम में आशियाना बुलडोजर से ध्वस्त कर खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर किया जाने के विरुद्ध उपरोक्त विषय में आपके माध्यम से नीचे उल्लेख किये गए संस्थानों को सूचित किया जाना है कि जनपद नैनीताल के रामनगर तहसील के अंतर्गत पूछडी में अनुसूचित जाति /ओबीसी /मुस्लिम व अन्य वर्गो के लोग विगत 50 वर्षो से निवास कर रहे है.



इसमें तीन पीढ़ियों के विभिन्न आयु वर्ग के लोग है इसमें 10 दिन से कम आयु के नवजात शिशु, 10वर्ष से कम आयु के बच्चे व 65वर्ष से अधिक आयु के बीमार बुजुर्ग व महिलाएं शामिल है। बन विभाग पुलिस बल द्वारा अचानक आ कर घरों को बुलडोजर से जमीदोज कर दिया गया. जबकि पीड़ितों ने विषयगत प्रकरण में गतिमान कार्यवाही के वैध दस्तावेज प्रस्तुत किये गए बावजूद उनका कोई संज्ञान नहीं लिया गया। यह स्पष्ट रूप से उक्त अमानवीयता व क्रूरता मानवाधिकार का उल्लंघन है कानून व भारत का सविधान में किसी भी नागरिक को बिस्थापित करने के पूर्व बेकल्पिक पूनर्रस्थापना की व्यवस्था का प्राविधान है चाहे उनकी रिहायश अवैध ही क्यों ना हो इसी जनपद में बिंदुखत्ता, बागजाला, रानीबाग भीमताल मार्ग पर बने सभी निर्माण इसी श्रेणी के है उनको ना कोई नोटिस दिया गया है ना ही बुलडोजर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है इसलिए मूलनिवासी संघ इसे मूलनिवासी समाज (अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /ओबीसी /धर्मपरिवर्तित मुस्लिम ईसाई सिक्ख व अन्य)के प्रति द्वेषभाव से अभिप्रेरित होना मानता है। भारतीय मूलनिवासी संघ उत्तराखंड उक्त प्रकरण में पीड़ितों को तत्काल बेकल्पिक रिहायशी उपलब्ध कराते हुए न्याय दिलवाने की मांग करता है अन्यथा की स्थिति में प्रदेशब्यापी व आवश्यकता पड़ने पर देशब्यापी आंदोलन करने व उदाहरणों के साथ माननीय न्यायालय में पी आई एल दर्ज कराने को बाध्य होगा जिसकी संभावित तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## राह चलते दंपति को कार से लगी टक्कर, घायल

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल स्थित चीना बाबा चौराहे पर राह चलते दंपति कार की टकर से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के बाद दंपति को छुट्टी दे दी गई है, वहीं पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया है।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल शेरवानी निवासी रमेश चन्द्र पपने और भगवती देवी बाजार की ओर आ रहे थे। वह चीना बाबा चौराहे पर पहुंचे ही थे कि सामने से आकर एक कार ने उनको टक्कर मार दी। कार की चपेट में आने से दोनों सड? पर जा गिरे। जिससे रमेश पपने के सिर पर चोट आ गई वहीं भगवती देवी को भी गुम चोट आई। उनको गिरता देख कार चालक फरार हो गया। वहीं राहगीर उनको अस्पताल ले आए। अस्पताल में उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई है। वहीं शिकायत के बाद कार चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों का इलाज कराने को लेकर समझौता हो गया है।

## एचएनबी गढ़वाल विवि के कुलपति नियुक्ति को निरस्त (क्वैश) मामले में सुनवाई हाईकोर्ट में अब 10 फरवरी को

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालयए श्रीनगर (गढ़वाल) के कुलपति के रूप में प्रो. प्रकाश सिंह की नियुक्ति को निरस्त (क्वैश) करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खण्डपीठ ने यूजीसी सहित केंद्र सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर जनहित याचिका में लगाए गए आरोपो पर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी 2026 की तिथि नियत की है।



मामले के अनुसार प्रोफेसर नवीन प्रकाश नौटियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि कुलपति की नियुक्ति केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों तथा अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण के उपाय विनियम 2018 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के खिलाफ हुए हैं। यह कि यूजीसी विनियमों तथा विज्ञापन में निर्धारित स्वयं की पात्रता शर्तों के उल्लंघन में प्रो. प्रकाश सिंह की कुलपति के रूप में निरंतर बनी हुई नियुक्ति मनमानी एवं अवैध है। यह मेरिट आधारित नियुक्तियों की पवित्रता को क्षति पहुँचाती है तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उल्लंघन करती है।

उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत याचिकाकर्ता के पास इस न्यायालय के समक्ष भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत वर्तमान याचिका प्रस्तुत करने के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक तथा प्रभावी एवं पर्याप्त उपाय उपलबध नहीं है।

# फिल्मी दुनिया

## बॉर्डर 2 के सेट पर डरे हुए थे अहान शेट्टी





*सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 में काम करने को लेकर आभार जताया है। उनका कहना है कि पिता की विरासत को आगे बढ़ाना उनके लिए एक सम्मान की बात है। अहान ने बताया है कि उनके पिता ने फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग से पहले उनको क्या सलाह दी थी। आज मुंबई में एक इवेंट में फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर लॉन्च हुआ। इसमें फिल्म की स्टारकास्ट सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और कई दूसरे कलाकार शामिल हुए। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए अहान शेट्टी ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें अभिनय के दबाव के बजाय फिल्म में अपने किरदार के प्रति सच्चे रहने की सलाह दी थी। अहान ने कहा मैं कहना चाहूंगा कि पहले एक-दो दिन मैं सेट पर बहुत डरा हुआ था। इतनी बड़ी फिल्म का हिस्सा होने की वजह से मेरे हाथ कांप रहे थे। मैं 4 साल पहले तड़प में आया था। मेरे पास एक लंबा गैप था। फिर जैसा कि पापा ने कहा था। बस ईमानदार रहो। खुद जैसे हो वैसे रहो। खुद को एन्जॉय करो। लोग क्या कहते हैं, उसके बारे में ज्यादा मत सोचो। इस फिल्म की तुलना बॉर्डर 1 से मत करो। यह सबसे जरूरी था। अहान शेट्टी ने आगे कहा एक खास तरह का प्रेशर है। वह प्रेशर हमेशा रहेगा। लेकिन जैसा कि कहते हैं, पिता तो पिता होता है। इसलिए, अगर मैं इस फिल्म में अपने पिता का 10 प्रतिशत भी बन पाया, तो मुझे लगता है कि मैं उस किरदार के साथ न्याय कर पाऊंगा।*

### बॉर्डर 2 के बारे में

*आपको बता दें कि फिल्म बॉर्डर 2 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। विजय दिवस पर जारी हुए फिल्म के टीजर में लड़ाई के सीन और देश की रक्षा के लिए लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की हिम्मत दिखाई गई है। यह 23 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है।*

## रुद्रपुर में जिंदगी जिंदाबाद का पांचवां सामूहिक विवाह समारोह

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**आयोजन**

- 16 निर्धन कन्याओं का विधि-विधान से कराया विवाह

यहां काशीपुर बाईपास रोड सिटी क्लब में जिंदगी जिंदाबाद का पाँचवाँ सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में 16 निर्धन कन्याओं का विवाह हुआ। शहर में इस आयोजन को लेकर उत्साह रहा और यह कार्यक्रम एक बार फिर साबित कर गया कि जब समाज एकजुट होता है, तो सेवा केवल सहायता नहीं, बल्कि सम्मान बन जाती है।

जिंदगी जिंदाबाद पिछले कई वर्षों से सामूहिक विवाह जैसे संवेदनशील सामाजिक कार्यों के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का संबल बन रही है। समारोह स्थल पर 16 वर-वधुओं के लिए सुसज्जित मंडप, पारंपरिक रीति-रिवाज, भोजन व्यवस्था और गृहस्थी के आवश्यक सामान दिया। इस समारोह में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई अन्य अतिथियों ने वर वधू को आशीर्वाद दिया।



## News कॉर्नर

### चरस तस्कर को गिरफ्तार को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने हजारों रुपए की चरस के साथ चरस तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है। बनभूलपुरा थाने में तैनात एस आई मनोज यादव अपने दिलबर के साथ गोलचा कंपाउंड क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन की ओर से पैदल-पैदल हाथ में बैग लिए रेलवे फाटक की ओर आ रहा था। जोकि पुलिस को खड़ा देख भागने लगा। यह देख पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया और उससे पूछताछ की पुलिस को पकड़े गए युवक ने बताया कि उसके बैग में चरण है और वह चरक बेचने के लिए जा रहा था पुलिस को पूछताछ में उसने अपना नाम गोपाल सिंह तिलवाल पुत्र हर सिंह निवासी ओखल कांडा भीमताल बताया एस आई मनोज यादव ने बताया कि चरस तस्कर से पकड़ी गई चरस का वजन 435 ग्राम है। जो हजारों रुपए की है।

### आरटीओ चालान के नाम पर फर्जी एपीके फाईल भेज साईबर ठगों ने खाताधारक का मोबाइल हैक

रुद्रपुर। आरटीओ चालान के नाम पर फर्जी एपीके फाईल भेजकर साईबर ठगों ने खाताधारक का मोबाइल हेक कर लिया उसके बाद खाते से 22-93 लाख रूपये उड़ा लिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने साईबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 14/3 ब्लाक-एफ,जज फार्म हल्द्वानी निवासी उमेश कुमार पुत्र स्व. याद राम ने साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, रुद्रपुर में में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनके एचडीएफसी बैंक बचत खिता से 12 से 14 दिसंबर 2025 के बीच 22,93,001 रुपये उड़ा लिये गये। उमेश कुमार ने तहरीर में कहा कि14 दिसंबर की शाम को उनके मोबाइल पर विभिन्न प्रकार के ओटीपी और मैसेज आए, जिनमें कुछ ड्रीम 11 से संबंधित भी थे। शुरुआत में उन्होंने इन संदेशों पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन कुछ समय बाद मैसेज चेक करने पर उन्हें अपने खाते से पैसे कटने का पता चला।

# दस दिवसीय नवीन आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग का शुभारंभ

## किच्छा के श्री सिद्धेश्वर मंदिर सभागार में एकल अभियान के तहत आयोजित

किच्छा

हमारे संवाददाता

श्री सिद्धेश्वर मंदिर सभागार में आयोजित एकल अभियान के अंचल खटीमा के दस दिवसीय नवीन आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग का शुभारंभ मां भारती के चरणों में अतिथियों ने दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मराज जायसवाल (संरक्षक ने की।
उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह विभाग प्रचारक नैनीताल नरेंद्र ने कहा कि एकल अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संघ के शताब्दी




वर्ष के करणीय कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और संस्कार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे एकल अभियान निरंतर प्रभावी ढंग से निभा रहा है।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक, किच्छा राजेश शुक्ला ने एकल अभियान के संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य प्रशंसनीय है।

उन्होंने एकल विद्यालयों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु एक लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की और संगठन के कार्यकर्ताओं एवं आचार्यों के समर्पण की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में एकल अभियान के प्रदेश संयोजक अरविंद कनौजिया ने एकल अभियान की पंचमुखी शिखा की विस्तृत जानकारी देते हुए आचार्यों द्वारा गांव-गांव में बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार देने की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।
उद्घाटन सत्र में प्रधानाचार्य, विद्या मंदिर कैलाश भट्ट, पूर्व चेयरमैन अंजू जायसवाल, शुभम, कमलेंद्र सेमवाल, भगत (सह जिला बौद्धिक प्रमुख), दिनेश भाटिया, भाग कुमाऊं कार्यालय प्रमुख पिंकी, अंचल अभियान प्रमुख निशा भंडारी, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख रेनू, अंचल व्यास सीमा, अंचल गतिविधि प्रमुख सरोजिनी सहित संच प्रशिक्षक,आचार्य मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र का समापन संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप समर्पण भाव से कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

# अब अतिक्रमणकारियों से भी वसूल होगा किराया : विकास शर्मा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

महापौर विकास शर्मा ने खेड़ा में धार्मिक संस्था की आड़ में लंबे समय से कब्जाई गई भूमि के मामले में एक बार फिर स्पष्ट और सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि संस्था ने कब्जाई लगभग आठ एकड़ भूमि से अब तक का किराया भी वसूल किया जाएगा। जल्द ही नगर निगम से संस्था को नोटिस भेजा जाएगा।

महापौर ने मंगलवार को नगर निगम में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में लैंड जिहाद और अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत रुद्रपुर नगर निगम भी तत्पर है। पिछले दिनों खे?ा में धार्मिक संस्था की आ? में कब्जाई गई भूमि को प्रशासन ने खाली कराया था। कुछ लोगों ने माननीय हाईकोर्ट में भ्रामक जानकारी देकर समाज को भ्रमित करने की कोशिश की, जबकि वास्तविकता यह है कि न्यायालय ने केवल सात दिन के लिए स्टे दिया गया था, जो बुधवार को समाप्त हो रहा है। इसके बाद नगर



निगम भूमि पर चारदीवारी निर्माण का कार्य शुरू करेगा। आने वाले दिनों में इस भूमि पर गरीब बच्चियों के लिए इंटर कालेज खोला जायेगा। इसके साथ ही यहां पर पर्यावरण मित्रों के आवास की योजना भी तैयार की जायेगी।यदि दूसरे पक्ष के लोग ट्रिब्यूनल का रुख करेंगे, तो नगर निगम मजबूती से पैरवी करेगा, क्योंकि उक्त भूमि के पुख्ता रिकॉर्ड मौजूद हैं। महापौर ने यह संदेश देते हुए कहा कि अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी धर्म या समुदाय के व्यक्ति को सरकारी जमीन पर कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।इंदिरा चौक पर बचे हुए अतिक्रमण को हटाकर चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कल्याणी नदी के किनारे भी अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मेयर रामपाल सिंह के कार्यकाल में कल्याणी नदी के संरक्षण के लिए बनाया 300 करो? का प्रोजेक्ट शासन स्तर पर लंबित था इस प्रोजेक्ट की शासन स्तर पर पैरवी हुई है। झील के सामने लगने वाले जाम के सम्बंध में महापौर ने कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नगर निगम यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि झील के सामने सोमवार को लगने वाले बाजार से जो जाम की स्थति पैदा होती है, उसके लिए नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं, बाजार संचालन में यदि मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो इसका लाईसेंस कैंसल किया जायेगा। काशीपुर बाईपास मार्ग पर भी लागू किया जायेगा। जाम से निकपटने के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले हुए कट बंद कराये जायेंगे। नगर निगम का लक्ष्य रूद्रपुर को आदर्श और व्यवस्थित शहर बनाना है। अतिक्रमण, अव्यवस्था और नियमों की अनदेखी पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत क?ा प्रशासनिक हस्तक्षेप जारी रहेगा।

# अनुशासन बनाए रखने को थानों में परेड का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

डॉ0 मंजुनाथ टी0सी0 द्वारा जवानों की फिटनेस और स्मार्ट पुलिसिंग को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को जनपद के सभी थानों में "परेड तथा शस्त्र हैंडलिंग करवाने के निर्देश दिए गए है।

इसी क्रम में आज दिनांक 16.दिसंबर को पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ0 जगदीश चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस लाईन तथा नैनीताल सर्किल के थानों भीमताल, बेतालघाट, मल्लीताल, तल्लीताल, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में हल्द्वानी सर्किल के कोतवाली हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, मुखानी, काठगोदाम थाना प्रभारियों के नेतृत्व में मंगलवार को परेड तथा कर्मचारियों को शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराया गया।



# पुलिस ने शौर्य और बलिदान को नमन, गरिमापूर्ण ढंग से मनाया विजय दिवस

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में विजय दिवस के अवसर पर ऊधम सिंह नगर पुलिस द्वारा पुलिस लाइन रुद्रपुर में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस मौके पर एसएसपी ने कहा कि विजय दिवस हमें भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। यह दिन प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा।

**शहीदों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि:**समारोह के दौरान एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों की स्मृति में पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यहां पर पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस कर्मी समेत अन्य लोगों ने शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। पुलिस बल ने शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

**युद्ध विजेता पूर्व सैनिकों का सम्मान:** कार्यक्रम में मौजूद महापौर, रुद्रपुर विकास शर्मा तथा एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने 1971 के युद्ध में भाग लेकर देश को विजय दिलाने वाले पूर्व सैनिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उनके साहस, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति निष्ठा को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।



# काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर खड़ी बाघ एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय में भ्रूण मिलने से हड़कंप

**हल्द्वानी।** एक बार फिर ममता को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है किसी कलंकित मां ने अपने ऊपर कलंक लगने की वजह से लोकलाज के डर से अपने जिगर के टुकड़े को ट्रेन शौचालय में फेक दिया। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू की काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर खड़ी बाघ एक्सप्रेस ट्रेन के शौचालय में भ्रूण मिलने से हड़कंप मच गया। रुटीन चेकिंग के दौरान रेलवे प्रबंधन को पता लगा। जीआरपी ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। भ्रूण तकरीबन सात-आठ माह का बताया जा रहा है। ट्रेन नंबर 13020 बाघ एक्सप्रेस रात हावड़ा जाने को काठगोदाम स्टेशन पर खड़ी थी। ट्रेन को तय समय 9:50 बजे रवाना होना था। इससे पहले रेलवे प्रबंधन ने ट्रेन की रुटीन चेकिंग की। जांच के दौरान जब टीम एक जनरल डिब्बे में पहुंची तो वहां शौचालय में एक भ्रूण पड़ा दिखा। यह देख टीम में शामिल अधिकारी हैरान रह गए। थानाध्यक्ष जीआरपी कमल कोरंगा ने बताया कि किसी अज्ञात महिला ने भ्रूण को शौच के बहाने यहां फेंके जाने की आशंका है। मामले की जांच के लिए स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। ट्रेन में सफर कर रही कई महिलाओं की महिला स्टाफ ने जांच भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। मामले की जांच जारी है।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता- तृतीय नलकूप उपखण्ड कालाढूंगी (नैनीताल)

पत्रांक 293/ स0अ0तृतीय/टेण्डर/2025-26 दिनांक 15/12/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या: 13/सहा0अभि0तृती0/2025-26

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मोहरबन्द निविदायें दिनांक 29.12.2025 पूर्वाह्न 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार से आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की निर्धारित तिथि के एक दिवस पूर्व तक बेची जायेगी। कार्य सम्बन्धी विविरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कार्यालय में देखा जा सकता है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड रामनगर के नाम बंधक होनी चाहिए मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या ज्यादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। दरों की वैधता हेतु निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर 03 माह की वैधता हेतु रू0 1.00 के राजस्व टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply & Installation of Servo Voltage Stabilizer 3 Phase (Oil Cooled) Roller Contact Type 125 KVA in Range of 300-460 Volt With Earthing at STW NO- 26HG, Vill- Rampur, Chakalua, Bandarjuda Block- Kotabagh, Nainital Under-RIDF XXX | Job | 13500.00 | 1000.00+GST 18% | 03 माह |
| 2 | Supply & Installation of Servo Voltage Stabilizer 3 Phase (Oil Cooled) Roller Contact Type 150 KVA in Range of 300-460 Volt With Earthing at STW NO- 50RG, Vill- Bandarjuda Block- Kotabagh, Nainital Under- Khanan Nyas | Job | 14000.00 | 1000.00+GST 18% | 03 माह |

(सुनील काण्डपाल)
सहायक अभियन्ता-तृतीय